देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

इन्दौर, 02 दिसम्बर 2019। आज ईएमआरसी में माननीया कुलपति प्रो. रेणु जैन की अध्यक्षता में विभागाध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यतः दो बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई :

1. **गुणवत्ता परक उच्च शिक्षा के लिए पाठ्यक्रमों का सतत् परीक्षण एवं परिवर्धन (संशोधन)** । इस संदर्भ में समन्वय समिति में लिये गये निर्णय के अनुसार स्नातक स्तर के कुल 25 विषयों के पाठ्यक्रमों की समीक्षा कर, उनमें संशोधन करने हेतु कार्यशालायें आयोजित की जानी है। इस संबंध में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को 5 विषयों (गणित, कम्प्यूटर साईंस, सांख्यिकी, वाणिज्य एवं प्रबंधन शिक्षा) के पाठ्यक्रमों की समीक्षा एवं संशोधन करने का दायित्व दिया गया है। इस हेतु मध्यप्रदेश से बाहर के 2 शिक्षकों को एवं लगभग 25 स्थानीय शिक्षकों को आमंत्रित किया जायेगा। यह कार्यशाला 16 दिसम्बर 2019 से 02 जनवरी 2020 के मध्य आयोजित की जायेगी।

2. **पी.एच.डी. हेतु प्रवेश परीक्षा (डी.ई.टी.)** 22 दिसम्बर 2019 को आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा हेतु पंजीकरण के लिए दिनांक 04 दिसम्बर 2019 से 10 दिसम्बर 2019 तक ऑनलाईन आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। कुल 44 विषयों के लिए पी.एच.डी. प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। माननीया कुलपति जी ने पी.एच.डी. की प्रवेश परीक्षा आयोजित कराने के लिए आयोजन समिति का गठन किया, जिसमें प्रो. आशुतोष मिश्रा, अध्यक्ष एवं प्रो. अशोक शर्मा, प्रो. संजीव टोकेकर, प्रो. रत्नेश गुप्ता, प्रो. संगीता जैन, प्रो. कन्हैया आहूजा एवं डॉ. लक्ष्मण शिंदे सदस्य होंगे।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी